# गणेश चतुर्थी पर छोटीकाशी में गूंजा ''गणपति बप्पा मोरिया...''

**जयपुर।** भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी मंगलवार को विभिन्न शुभ योग-संयोग में गणेश चतुर्थी के रूप में भक्तिभाव से मनाई गई। सुबह से देर रात तक छोटीकाशी प्रथम पूज्य की आराधना में लीन रही। श्रद्धालुओं ने गणेश मंदिरों में दर्शन किए।

मंदिरों के अलावा घरों में भी विघ्नहर्ता-मंगलकर्ता की पूजा-अर्चना

- **गढ़ गणेश और मोतीडूंगरी मंदिर में दिखा आस्था का ज्वार**
- **मोतीडूंगरी मंदिर से आज नगर भ्रमण पर निकलेंगे गणपति**

कर गुड़ धानी का भोग लगाया गया। तीन सौ साल बाद ब्रह्म योग, शुक्ल योग और शुभ योग में गणपति के जन्मोत्सव का उत्साह देखते ही बनता था। घर के प्रवेश द्वार पर स्थापित द्वारपाल गणेश जी का गंगा जल से अभिषेक कर सिंदूरी चोला धारण कराया गया। रोली, मोली, चावल, रक्षा अर्पित कर अगल-बगल में डंके रखे गए। गुड़धानी का भोग लगाकर परिवार के सभी सदस्यों ने लंबोदर की आरती उतारी। चांदपोल, सूरजपोल, न्यूगेट, अजमेरी गेट, सांगानेरी गेट, घाटगेट पर स्थापित गणेशजी का नगर निगम और सामाजिक संस्थाओं की ओर से पूजन किया गया।



गणेश चतुर्थी पर गढ़ गणेश मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। दर्शनों के लिए श्रद्धालु 365 सीढ़ियां चढक़र प्रथम पूज्य के दर्शन करने पहुंचे। महंत प्रदीप औदीच्य के सान्निध्य में सुबह चार बजे पंचामृत गणपति का जन्माभिषेक किया गया। पल्लव, पुष्प और माला से गणपति का श्रृंगार किया गया। सुबह पांच बजे मंगला आरती के साथ सहस्त्र दूर्वाचन और सहस्त्र मोदक अर्पित किए गए। सहस्त्र नामावली से हवन किया गया। रात्रि 12 बजे शयन आरती हुई।

उधर मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में सुबह 4 बजे से ही दर्शनार्थियों का तांता लग गया जो कि देर रात तक जारी रहा। हजारों की संख्या में श्रद्धालु देर रात घरों से पदयात्रा के रूप में रवाना होकर सुबह चार बजे मंगला झांकी में दर्शन करने पहुंचे। सवा ग्यारह बजे गणेशजी का विशेष पूजन कर साढ़े ग्यारह बजे श्रृंगार आरती की गई। दोपहर सवा दो बजे भोग आरती हुई। शाम सात बजे संध्या आरती के समय सर्वाधिक श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। श्रद्धालुओं की कतारे जेडीए, रिजर्व बैंक और त्रिमूर्ति सर्किल तक पहुंच गई। महिलाओं और पुरूषों के लिए अलग-अलग कतारों की व्यवस्था की गई।

खास बात यह रही कि कि किसी भी कतार में प्रवेश करने के बावजूद भक्तों को गणेशजी के दर्शन ठीक सामने से हुए। गणेशजी के जयकारों और घंटों की आवाज से मंदिर दिरभर गूंजायमान रहा।

मंदिर महंत कैलाश शर्मा ने बताया कि गणेश चतुर्थी पर भगवान श्री गणेश जी महाराज स्वर्ण मुकुट धारण कर चांदी के सिंहासन पर विराजमान रहे। नोलड़ी का नोलखा हार का पारंपरिक श्रृंगार आकर्षण का केन्द्र रहा।

श्री गणेश मंदिर मोती डूंगरी की ओर से बुधवार को भगवान श्री गणेशजी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। दर्जनों झांकियों के साथ शोभायात्रा मोती डूंगरी गणेशजी से रवाना होकर मोतीडूंगरी रोड, जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार, ब्रह्मपुरी होती हुइ श्री गढ़ मंदिर के नीचे वाले चौक तक जाएगी। जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा।

**गणेश चतुर्थी के अवसर पर जयपुर के मोती डूंगरी गणेश मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की मंगलवार को पूरे दिन कतारें लगी रहीं।**

## '1100 कॉलोनियों तक जल्दी पहुंचेगा बीसलपुर का पानी'

- **बीसलपुर फेज-प्रथम दिसंबर तक पूरा होगा, आनन-फानन में जलदाय मंत्री ने किया लोकार्पण**

**जयपुर (कासं)।** बीसलपुर पृथ्वीराज नगर पेयजल परियोजना फेज-प्रथम का काम दिसंबर माह तक पूरा होगा। इससे जयपुर की करीब 1100 कॉलोनियों तक बीसलपुर का पानी पहुंचेगा। मजेदार बात यह है कि प्रोजेक्ट का काम पूरा होने में अभी 3 माह बाकी है, लेकिन जलदाय मंत्री महेश जोशी ने मंगलवार को आनन-फानन में रंगोली गार्डन क्षेत्र में पेयजल वितरण पार्ट का लोकार्पण कर दिया। इस दौरान कृषि मंत्री व झोटवाड़ा विधायक लालचंद कटारिया के साथ महेश जोशी ने पंप हाउस से पानी चलाकर रंगोली गार्डन वितरण क्षेत्र की 53 कॉलोनियों को पेयजल आपूर्ति की शुरूआत भी की।

मंत्री डॉ. महेश जोशी ने कहा कि परियोजना का प्रथम चरण दिसम्बर तक पूरा होने के साथ ही पृथ्वीराज नगर की 1100 कॉलोनियों को बीसलपुर का पानी मिलने लगेगा। 747 करोड़ रूपए की लागत के बीसलपुर पृथ्वीराज नगर पेयजल परियोजना फेज-द्वितीय में भी पृथ्वीराज नगर एवं आसपास की करीब 2200 कॉलोनियों में बीसलपुर का पानी पहुंचेगा। परियोजना के फेज-प्रथम में तहत 563.93 करोड़ रूपए की लागत से बालावाला से लोहामंडी तक 44 किलोमीटर लम्बी टांसमिशन मेन लाइन, 51 किलोमीटर की राइजिंग मेन लाइन, करीब 970 किलोमीटर की डिस्ट्रीब्यूशन मेन लाइन और साथ ही, 9 स्वच्छ जलाशय मय पंप हाउस तथा 19 उच्च जलाशय के कार्य शामिल हैं।

कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने पृथ्वीराज नगर की जनता को बीसलपुर का पानी पिलाने का वादा पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताया। मुख्य अभियंता (शहरी), पीएचईडी के.डी. गुप्ता ने बताया कि परियोजना के प्रथम चरण का 85 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है जिसमें 15 उच्च जलाशय तथा 7 स्वच्छ जलाशय के साथ ही 95 फीसदी पाइप लाइन बिछाने का काम हो गया है। कार्यक्रम में जमवारामगढ़ विधायक गोपाल मीणा, झोटवाड़ा पंचायत समिति प्रधान रामनारायण, जोबनेर प्रधान शैतान सिंह मौजूद थे।

## फार्मासिस्ट भर्ती में नियमों की अनदेखी क्यों?

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने फार्मासिस्ट भर्ती-2023 में नियमों की अनदेखी कर सिर्फ डिप्लोमा व बोनस अंकों को चयन का आधार बनाने पर प्रमुख चिकित्सा सचिव और राजस्थान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के निदेशक से जवाब तलब किया है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश दीपश्री व अन्य की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने संबंधित अधिकारियों से पूछा है कि क्यों ना भर्ती विज्ञापन की इस शर्त को रद्द कर दिया जाए।

याचिका में अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को बताया कि कार्मिक विभाग ने 23 मई 2022 को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधीनस्थ सेवा नियम, 1965 में संशोधन कर प्रावधान किया कि फार्मासिस्ट भर्ती लिखित परीक्षा के आधार पर होगी।

हालांकि एक भर्ती शैक्षिणक व डिप्लोमा में प्राप्त अंकों व अनुभव के आधार पर दिए जाने वाले बोनस अंकों के आधार पर की जाएगी। याचिका में कहा गया कि विभाग ने 11 नवंबर, 2022 को फार्मासिस्ट भर्ती के लिए आवेदन मांगे। जिसमें कार्मिक विभाग की अधिसूचना के तहत चयन का आधार तय किया गया। वहीं बाद में इस भर्ती को निरस्त कर दिया गया और गत 5 मई को नए सिरे से भर्ती विज्ञापन जारी किया गया। जिसमें प्रावधान किया गया कि डिप्लोमा में मिले अंकों का 70 फीसदी और अनुभव के आधार पर मिलने वाले बोनस अंकों को जोडकर मेरिट सूची जारी की जाएगी।

इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि भर्ती विज्ञापन सेवा नियमों में निर्धारित चयन प्रक्रिया के विपरीत नहीं हो सकते हैं। जब सेवा नियमों में 12वीं कक्षा के अंक और डिप्लोमा में मिले अंकों के साथ बोनस अंकों के आधार पर मेरिट बनाने का प्रावधान है तो भर्ती में चयन का आधार डिप्लोमा व बोनस अंक ही कैसे रखे जा सकते हैं। निरस्त की गई भर्ती में नियमों के तहत चयन प्रक्रिया तय की गई थी, लेकिन नई भर्ती में व्यक्ति विशेष को फायदा पहुंचाने के लिए चयन के प्रावधान ही बदल दिए गए।

इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा में जयपुर में उमड़ा जनसैलाब

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी की संकल्प परिवर्तन यात्रा राजस्थान के चार स्थानों से शुरू हो संपूर्ण राजस्थान के 200 विधानसभाओं में गई भाजपा की है। परिवर्तन यात्रा राजस्थान में जनता द्वारा मिल रहा गजब का जनसमर्थन और यात्रा में उमड रहा जनसैलब देखते हुए निश्चित ही यह मालूम होता है कि राजस्थान विधानसभा 2023 के चुनाव में राजस्थान से भ्रष्टाचारी, महिला विरोधी,युवा विरोधी, किसान विरोधी, दलित विरोधी, युवा विरोधी कांग्रेस सरकार परिवर्तित हो भाजपा की प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनेगी।

- **पिछले 5 वर्षों में अशोक गहलोत सरकार ने राजस्थान को बहुत पीछे धकेल दिया : राघव शर्मा**

जिलाध्यक्ष राघव शर्मा ने कहा परिवर्तन यात्रा सवाई माधोपुर के रणथंभौर से शुरू होकर 47 विधानसभा में जाकर जनता का कांग्रेस के प्रति रोष और भारतीय जनता पार्टी के प्रति प्रेम प्यार दर्शाता है की अब कांग्रेस का अंत निश्चित है। परिवर्तन यात्रा जयपुर शहर की सभी विधानसभाओं में होते हुए जबरदस्त जनसेलाब के बीच होते हुए निकली जिसमें यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत कर युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा ने अनेक स्थानों पर मंच के द्वारा स्वागत अभिनंदन हुआ जयपुर शहर के तमाम समाजो, संगठनों द्वारा भी परिवर्तन यात्रा में भागीदार बनते हुए जबरदस्त उत्साह के साथ स्वागत और अभिनंदन हुआ।

जिला मीडिया प्रभारी सुमित श्रीमाल ने बताया जयपुर शहर में पहुंची परिवर्तन यात्रा में पूर्व राष्ट्रीय मंत्री महेंद्र सिंह प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष राघव शर्मा, जयपुर शहर प्रभारी नरेश बंसल, स्थानीय विधायक सहित जयपुर शहर के पदाधिकारी, प्रकोष्ठों, मोर्चा सहित मंडलों के अध्यक्ष, प्रभारी, के साथ हजारों कार्यकर्ता और आमजन मौजूद रहे।



**जयपुर शहर में मंगलवार को जनपरिवर्तन यात्रा का कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।**

## खेतड़ी में भी उमड़ी भीड़

**जयपुर/खेतड़ी।** भाजपा परिवर्तन संकल्प यात्रा में शेखावाटी की धरती खेतड़ी में राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया को आशीर्वाद और प्यार देने भारी संख्या में उमड़ा महा-जनसैलाब 2023 में भाजपा सरकार के आने का सुखद संकेत है और कांग्रेस सरकार की विदाई तय है। खेतड़ी में इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर एवं अन्य स्थानीय नेताओं की मौजूदगी में मातृशक्ति द्वारा निकाली गई कलश यात्रा एवं कार्यकर्ताओं ने भव्य रोड शो निकालकर भी सतीश पूनिया का स्वागत अभिनंदन किया गया। डॉ. पूनिया ने संबोधित करते हुये कहा कि, खेतड़ी से लेकर पूरे राजस्थान में भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा में उमड़ रहा जनसैलाब इस बात का सुखद संकेत और प्रमाण है कि विश्व के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में प्रचंड बहुमत की भाजपा की सरकार बनने जा रही है और कांग्रेस ऐतिहासिक हार के साथ सत्ता से दूर होने जा रही है। उन्होंने कहा कि, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कर्जमाफी का वादा पूरा नहीं करके किसानों से वादाखिलाफी की, बार-बार पेपर लीक से युवाओं के सपनों को तोड़ने का काम किया।

## एल.डी.सी.भर्ती में पुन: वरीयता सूची बनाने के आदेश


**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने हाईकोर्ट एलडीसी भर्ती-2022 के मामले में हाईकोर्ट प्रशासन को आदेश दिए हैं कि आरक्षित वर्ग के जिन अभ्यर्थियों ने सामान्य श्रेणी से अधिक अंक हासिल किए हैं और विशेष लाभ नहीं लिए हैं, उन्हें सामान्य श्रेणी में मानते हुए वर्गवार पुन: लिस्ट बनाए। वहीं इस सूची में आने वाले अभ्यर्थियों के लिए टाइप टेस्ट आयोजित करें। ऐसा करने के बाद यदि आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी सामान्य वर्ग या अपने वर्ग की मेरिट लिस्ट में आते हैं तो उन्हें नियुक्ति दी जाए।

इस दौरान यदि पूर्व में नियुक्ति पाने वाले सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी कट ऑफ लिस्ट में शामिल नहीं होते हैं और खाली पद उपलब्ध नहीं हो तो ऐसे अभ्यर्थियों की सेवाएं समाप्त कर दी जाए। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस प्रवीर भटनागर की खंडपीठ ने यह आदेश महिपाल यादव व एक हजार से अधिक याचिकाकर्ताओं की पचास से अधिक याचिकाओं पर संयुक्त रूप से सुनवाई करते हुए दिए। याचिकाओं में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी व अन्य ने अदालत को बताया कि हाईकोर्ट प्रशासन ने 5 अगस्त, 2022 को हाईकोर्ट, सेशन कोर्ट, न्यायिक अकादमी और विधिक सेवा प्राधिकरण में एलडीसी भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया। वहीं हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से लिखित परीक्षा आयोजित कर गत एक मई को टाइप टेस्ट के लिए सफल अभ्यर्थियों की वर्गवार कट ऑफ लिस्ट जारी की। जिसमें एससी, ओबीसी नॉन क्रीमीलेयर, एमबीसी नॉन क्रीमीलेयर और ईडब्ल्यूएस की कट ऑफ सामान्य वर्ग से अधिक आई। याचिकाकर्ता आरक्षित वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी है, जो अपने वर्ग की मेरिट लिस्ट में नहीं है, लेकिन उनके अंक सामान्य वर्ग से अधिक हैं। ऐसे में उन्हें सामान्य वर्ग में शामिल करते हुए टाइप टेस्ट में शामिल किया जाए।

## विप्र फाउंडेशन ने की न्यू गेट पर गणेशजी की पूजा

**जयपुर।** विप्र फाउंडेशन जयपुर महानगर इकाई की ओर से आज गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में जयपुर के न्यू गेट द्वार पर स्थित गणेश जी महाराज की पूजा अर्चना की गयी। महानगर के पूजा अर्चना कार्यक्रम में जलदाय मंत्री डॉक्टर महेश जोशी, विधायक रामलाल शर्मा, पूर्व उप महापौर मनोज भारद्वाज, पीसीसी सदस्य अवध शर्मा सहित विप्र फाउंडेशन के अनेक पदाधिकारी व विप्र जन उपस्थित थे। विप्र फाउंडेशन जयपुर महानगर अध्यक्ष महेंद्र शर्मा और कार्यक्रम संयोजक अंशुमान शास्त्री की अगुवाई में गणेश पूजा अर्चना में विप्र फाउंडेशन प्रदेशाध्यक्ष राजेश कर्नल, युवा प्रदेशाध्यक्ष मनोज पांडे, विफा प्रदेश महामंत्री सतीश शर्मा भी उपस्थित थे।


**तीये की बैठक**



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे परम् पूजनीय पिताजी **श्री रामफूल मीणा जी** (श्रम विभाग) पुत्र स्वर्गीय ग्यारसी लाल जी का निधन 18/09/2023 को हो गया हैं। जिनकी तीये की बैठक 20/09/2023 को शिव कॉलोनी फेज 4 बाई जी की कोठी जयपुर में रखी गई है बैठक का समय 2:00 से 4:00 का रखा गया है।

**शोकाकुल-** सुनील मीणा समस्त बागडी परिवार

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**




**राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट थी। मिश्र ने राष्ट्रपति मुर्मू को इस दौरान अपनी हाल ही प्रकाशित पुस्तक ''शिक्षा की संस्कृति'' और कार्यकाल के चार वर्ष पर प्रकाशित ''संविधान संस्कृति की उज्ज्वल राहें'' की प्रतियां भेंट की। राष्ट्रपति ने राज्यपाल मिश्र के सृजन सरोकारों की सराहना की।**

## टीसी रोकने पर 11 हजार रुपए का हर्जाना

- **अदालत ने कोविड काल के दौरान फीस नहीं देने पर टीसी नहीं देने को गलत माना**

**जयपुर, (का.सं.)।** जयपुर मेट्रो की स्थाई लोक अदालत ने कोविड काल के दौरान सन् 2020 के दौरान फीस नहीं देने पर प्रार्थी बच्चों की टीसी नहीं देने को गलत मानते हुए चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल, सिविल लाइंस पर 11 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। वहीं स्कूल प्रशासन को निर्देश दिया है कि वह प्रार्थी पक्ष को टीसी जारी करे। अदालत ने यह आदेश श्रेयांस व श्रेया के परिवाद पर दिए।

अदालत ने कहा कि यदि कोई परिजन अपने बच्चों को पूर्व के स्कूल से निकालकर उन्हें दूसरे स्कूल में एडमिशन करवाना चाहता है तो स्कूल को बच्चों की टीसी रोकने का अधिकार नहीं है। यदि उनका फीस वसूली का कोई मामला है तो वे दीवानी कानून के तहत कार्रवाई कर सकते हैं, लेकिन फीस के लिए टीसी रोकना कानूनी तौर पर सही नहीं है।

परिवाद में कहा गया कि परिवादी 2013 से ही विपक्षी स्कूल में पढ़ रहे थे। कोविड काल के दौरान स्कूल 21 मार्च 20 से 5 जुलाई 2020 तक बंद रही और बच्चों को ऑनलाइन क्लास भी मुहैया नहीं कराई गई। जब स्कूल प्रबंधन से बात की तो कहा कि उनके पास ऑनलाइन क्लासेज की सुविधा नहीं है। इसलिए वे अप्रैल 2020 से जून 2020 तक की फीस नहीं लेंगे। इस दौरान जब प्रार्थियों ने विपक्षी से किसी अन्य स्कूल में एडमिशन के लिए टीसी मांगी तो उन्होंने यह कहते हुए टीसी देने से मना कर दिया कि वे पहले बकाया फीस जमा कराए। विपक्षी स्कूल की इस कार्रवाई को प्रार्थी बच्चों ने स्थाई लोक अदालत में चुनौती देते हुए उन्हें हर्जा-खर्चा सहित टीसी दिलवाए जाने का आग्रह किया। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने हर्जाना सहित टीसी देने को कहा है।


**आम सूचना** सर्वसाधारण को मेरे अभिभाष्य सवाईसिंह एच राजपूत पुत्र हरि सिंह निवासी ग्राम विजय नगर, पोस्ट नीमला तहसील राजगढ, अलवर मोबाईल नंबर 9558400999 की ओर से सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा विजय कुमार जैन पुत्र डॉ. टी.सी. जैन निवासी 501, पर्ल एक्सीलेन्सी, एस बी 168 बापू नगर जयपुर के स्वामित्व का प्लॉट एस-1, पर्ल रिगेलिया मोहनपुरा, तहसील सांगानेर जयपुर क्षेत्रफल 990.02 वर्गगज क्रय किये जाने का इकरार किया जाकर संबंधित विक्रय पत्र/पत्रों का पंजीयन स्वयं के नाम आगामी माह में कराये जाना है। यदि किसी व्यक्ति/बैंक या वित्तीय संस्था उक्त सम्बन्ध में कोई दावा/आपत्ति रखते हो तो इस सूचना प्रकाशन से मियाद दस दिवस के भीतर मेरे अभिभाष्य को मय दस्तावेजात लिखित में सूचित कराये। बाद गुजरने मियाद उपरोक्त संदर्भ में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।
जयपुर (विनय सक्सेना) एडवोकेट
दिनांक-19.09.2023 मो.नं.-9414248657

**आम सूचना:** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य शिवम कुमार शर्मा पुत्र श्री मुकेश कुमार शर्मा, पता: बी-10, चित्रकूट कॉलोनी, झोटवाड़ा, जयपुर द्वारा हजारी लाल जोशी पुत्र स्व. राधेश्याम व उनके पुत्र महेन्द्र जोशी से उनके स्वामित्व का प्लाट नं. 236-ए, लक्ष्मी नगर, निवारू रोड़, झोटवाड़ा, जयपुर क्रय किया जा रहा है, इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय संस्थान, बैंक इत्यादि को आपत्ति है तो 7 दिवस में दस्तावेज सहित मोबाईल नं. 8955509076 पर सम्पर्क करें।
दिनांक 19.09.2023 भवदीय: (सारांश सक्सैना) एडवोकेट

**आम सूचना** हर खासो आम सूचित हो कि मेरा अभिभाष्य श्री कैलाश चन्द मीणा पुत्र श्री रामफूल मीणा उम्र 35 वर्ष जाति-मीणा निवासी-प्लाट नं. 3 आनन्द विहार एयर पोर्ट, सांगानेर जयपुर जो श्रीमति बरजी देवी पत्नि श्री काना राम का दत्तक पुत्र है। मेरा अभिभाष्य ही केवल मात्र बरजी देवी का विधिक वारिसान व उत्तराधिकारी है। इसके अलावा कोई वारिसान नहीं है। मेरा अभिभाष्य बरजी देवी की सम्पत्ति दु.नं. 22 बालाजी विहार सांगानेर का विक्रय कर रहा है। किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में सम्पर्क करें।
जयपुर (भागीरथ सिंह चौहान) एडवोकेट
दिनांक-19.09.2023 मो.नं. 9314626229

**TAILORED CREATION**
D-75, JANPATH, SHYAM NAGAR, NEW SANGANER ROAD, JAIPUR, RAJASTHAN-302019
**PUBLIC NOTICE**
PUBLIC NOTICE is hereby given that the after retirement of partners Shri RAJNISH SONI S/o Shri BANWARI LAL SONI and Shri SATYENDRA SARAN S/o Shri SHYAM LAL AGRAWAL the partnership firm M/s TAILORED CREATON will continue in future between the remaining partners ie Mr. RAVI SHANKAR PAREEK S/o Shri DURGA SHANKAR PAREEK, & Mr. DHRUVE VERMA S/o Shri PARVEEN VERMA under the same name and style of at its address D-75, JANPATH, SHYAM NAGAR, NEW SANGANER ROAD, JAIPUR, RAJASTHAN-302019 by mutual consent as from the 31.08.2023. Any Objection in this regard may be intimidated to Registrar of Firms, Jaipur (Urban) within Sewn days. Firm Regn No. & Date RF/JPU/2023/2281 Dated 14.06.2023
For TAILORED CREATION
Ravi Shankar Pareek (Partner)

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम विवाहोपरान्त वन्दना थदानी से बदलकर रिचा जोतवानी रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे रिचा जोतवानी के नाम से जाना व पहचाना जावें। रिचा जोतवानी पत्नि श्री हरीश जोतवानी पता-113-बी, कंवर नगर, जयपुर, राज.

मैंने अपना नाम भानू भाटी (Bhanu Bhati) से बदलकर भानू प्रताप सिंह भाटी (Bhanu Pratap Singh Bhati) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। सी-87-ए, मदन टैरेसा नगर मालवीय नगर, जयपुर

I/we have changed our daughter name from Harshika to Harshika varyani D/o Rajkumar varyani for all purpose. R/o F-33 Jagdamba Colony Naya Khera Ambabari Jaipur

**खोया पाया**

मेरे फ्लैट संख्या-110/बी/1004 व्यास अपार्टमेंट प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर के मूल भौतिक कब्जे की प्रति व 7 डेज एवं मेंटेनेंस की मूल प्रति कहीं गिर/गुम हो गई है मिलने पर सूचित करें-विमला रानी अरोडा मो.-9614512432

मेरे मकान प्लॉट नं. 73/256, मानसरोवर जयपुर का मूल Possession Letter तथा कुछ जरूरी कागजात खो गये हैं। मिलने पर सूचित करें। Apoorv Mittal, Mobile No. 9982000204

मेरे प्लाट नं. 68, पार्वती नगर विस्तार जयपुर का मूल साईट प्लान श्याम नगर ऐरिया में कहीं खो गया है किसी को मिले तो निम्न को सूचित करें। अनिल जैन-9414078208

मेरे प्लाट नं. 35, पार्वती नगर विस्तार जययपुर का मूल साईट प्लान श्याम नगर ऐरिया में कहीं खो गया है किसी को मिले तो निम्न को सूचित करें। पुष्पा शर्मा, रजनी जैन-9828811152

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/1892 दिनांक-18.09.2023
**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा वाणिज्यिक भूखण्ड संख्या 20, सेक्टर-4, रजत पथ, मानसरोवर, जयपुर क्षेत्रफल 6.4125 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री मोहन लाल माखीजा पुत्र श्री बलायाराम माखीजा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 479 दिनांक 29.01.1994 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 11.07.1994 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 682 दिनांक 09.06.1997 के द्वारा श्री मोहन लाल माखीजा पुत्र श्री बलायाराम माखीजा के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त भूखण्ड के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 10.06.1997 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री मोहन लाल माखीजा द्वारा श्री कैलाश चन्द नाटानी पुत्र श्री मुरलीधर नाटानी को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त भूखण्ड के मुख्त्यारनामा आम प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 11.06.1997 को करवाया गया। मुख्त्यारनामा आम धारक श्री कैलाश चन्द नाटानी द्वारा भूखण्ड का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्री सत्यनारायण गुप्ता पुत्र श्री रामकुमार गुप्ता को कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त भूखण्ड के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयन जयपुर में दिनांक 28.02.2001 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री सत्यनारायण गुप्ता की मृत्यु दिनांक 16.05.2021 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. श्री सत्यनारायण गुप्ता ने मृत्यु पश्चात नाम एवं लीजडीड हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त भूखण्ड के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल पुत्र व. श्री सत्यनारायण गुप्ता के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20
ई-निविदा सूचना
मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। निविदा संख्याः एस.एण्ड.टी / बी.के.एन ईटी 261R कार्य का नाम व स्थानः बीकानेर डिवीजन के 19 स्टेशनों (12 स्टेशन हनुमानगढ़-सादुलपुर, 07 स्टेशन सूरतगढ़-श्रीगंगानगर) पर लगे Hitachi make इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम का तीन वर्षों के लिए वार्षिक रखरखाव का कार्य। अनुमानित लागत मूल्य : ₹22616624.16 **Bid Security :** ₹263100.00 निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय : 11.10.23 को 15.00 बजे तक। वेब साइट जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा व डाऊनलोड किया जा सकता है www.ireps.gov.in
995-DP/23
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20
**खुली ई-निविदा**
मंडल रेल प्रबंधक/सं. एवं दू. सं., उ.प.रे. जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा का ऑनलाइन ई-टेण्डर आमंत्रित किया जाता है। ई-टेंडर नोटिस नं. एसएनटी-जेपी-19-2023-24 दिनांक : 18.09.2023 **(1) कार्य का नाम व लोकेशनः** जयपुर मण्डल के विभिन्न अनुभागों मे काम करने वाले ब्लॉक और HASSDAC की विश्वसनीयता में सुधार के लिए लंबे ब्लॉक अनुभाग में अतिरिक्त मीडिया के रूप में OFC का प्रावधान **(2) अनुमानित लागतः** ₹ 1,34,99,652.99/- **(3) धरोहर राशिः** ₹ 2,17,500/- **(4) वेबसाइट पर टेण्डर भरने की अंतिम तिथि और समयः** 13.10.2023 समय 15.00 बजे तक। **(5) वेबसाइट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशनः** www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड लोकेशन म.रे.प्र. कार्यालय, पॉवर हाउस रोड, जयपुर।
1000-DP/23
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20
**ई-निविदा सूचना**
भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण)-प्रथम, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा (खुली निविदा-दोहरी पैकेट पद्धति) आमंत्रित करते हैं। **(1) निविदा सूचना संख्याः** JU/Const./T-30/2023-24/LHS **(2) कार्य का नाम स्थान सहितः** Construction of LHS in lieu of level crossings, providing approach road, retaining walls, Steel height gauge & adequate drainage arrangement, dismantling, linking and tamping of track. (02 Nos. in Samdari-Bhildi section, 01 No. in Rai-Ka-Bagh - Jaisalmer section, 02 Nos. in Phulera-Degana section, 01 No. Degana-Merta Road section, 01 No. in Samdari - Munabao section, 01 No. in Ratangarh -Degana section, 01 No. in Luni Jn.-Marwar Jn. section. Total- 09 Nos.). **(3) कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 38,80,36,891.37/- **(4) जमा की जाने वाली बयाना राशिः** ₹ 20,90,200.00/- **(5) ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 05.10.2023 को 15.00 बजे तक **(6) वेबसाइट का विवरण, जहाँ पर ई-निविदा देखी व भरी जा सकती हैः** www.ireps.gov.in **(7) कार्यालय ई-मेल का पताः** dycecju@nwr.railnet.gov.in
996-DP/23
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें